PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Jagran, Delhi
Mon, 12 Jun 2017, Page 17
Width: 21.96 cms, Height: 20.78 cms, a3r, Ref: 32.2017-06-12.209

तैयारी | प्रमुख इलाकों में दीवारों पर योग की पेंटिंग बना रहे स्कूली छात्र व कलाकार

लुटियंस दिल्ली की दीवारें सिखाएंगी योगासन

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : अब लुटियंस दिल्ली की दीवारें योग का संदेश देंगी। एनडीएमसी ने लुटियंस दिल्ली के प्रमुख इलाकों में दीवारों पर योग की पेंटिंग बनाने का निर्णय लिया है। स्कूली छात्र एवं कलाकार अलग-अलग समूहों में पेंटिंग बनाएंगे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पहले करीब दस दीवारों पर पेंटिंग बनाने का लक्ष्य है। एनडीएमसी सेक्रेटरी ने बताया कि सब-वे समेत दो जगह दीवारों पर योग की पेंटिंग बनाई जा चुकी है।

एनडीएमसी अधिकारियों ने बताया कि कनॉट प्लेस, मंदिर मार्ग समेत कई अन्य जगहों पर सब-वे पर पेंटिंग बनाने का कार्य पूरा हो चुका है। अब दीवारों पर पेंटिंग बनाई जा रही है। हाल ही में सेक्रेटरी चंचल यादव ने उमाशंकर दीक्षित मार्ग एवं शास्त्री भवन के सामने राजेंद्र प्रसाद मार्ग के दीवारों पर बनी योग पेंटिंग का निरीक्षण किया। पेंटिंग से प्रभावित चंचल यादव ने कहा कि योग को लोकप्रिय बनाने तथा नई दिल्ली को खूबसूरत बनाने के मकसद से मुख्य दीवारों पर योग संबंधी चित्र उकेरे जाएंगे। पेंटिंग के माध्यम से प्राणायाम समेत विभिन्न आसनों से लोग परिचित होंगे।

उन्होंने कहा कि एनडीएमसी योग को जन आंदोलन का रूप देने के लिए प्रयासरत है। 21 जून को कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में आयोजित होने वाले तीसरे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए परिषद् द्वारा लोधी गार्डन, तालकटोरा गार्डन तथा नेहरू पार्क में नियमित रूप से योग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर में प्रतिदिन सैकड़ों की तादात में महिलाएं समेत बच्चे भी शरीक हो रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी शुरू हो चुका है। कोई भी शख्स एनडीएमसी की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन फार्म भर सकता है।



एनडीएमसी द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के बारे में जागरूकता के लिए महत्वपूर्ण जगहों पर कुछ इस तरह वॉल पेंटिंग की जा रही है ● जागरण

चार जगहों पर लाइव वीडियो वॉल की होगी व्यवस्था : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को यादगार बनाने के लिए एनडीएमसी ने अभी से कमर कस ली है। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) न केवल युवाओं, बच्चों को पार्कों में योग की ट्रेनिंग दे रही है बल्कि अबकी बार वीडियो वॉल भी बनाई जाएगी। लुटियंस दिल्ली में चार जगहों पर एलईडी वीडियो वॉल की व्यवस्था की जाएगी। इन वीडियो वॉल के जरिए सेन्ट्रल पार्क में चल रहे मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण होगा।

अधिकारी ने बताया कि 21 जून को कनॉट प्लेस सेन्ट्रल पार्क में मुख्य आयोजन होगा। इसी के मद्देनजर एलईडी वीडियो वॉल बनाने का निर्णय लिया गया है। कनॉट प्लेस में तीन जगहों पर वीडियो वॉल बनेगी। इसके अलावा नेहरू पार्क, लोधी गार्डन, तालकटोरा गार्डन में भी वीडियो वॉल बनाई जाएगी। पहली बार राजीव चौक मेट्रो स्टेशन की सभी एलईडी को एक दूसरे से जोड़ा जाएगा और योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जाएगा।